## एक नजर में

### कबीर वाणी से गूंजा किलेश्वर महादेव परिसर



**नीमच।** रविवार सुबह शहर के प्रसिद्ध किलेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में आध्यात्मिक वातावरण तब और पवित्र हो उठा, जब कबीर पंथी पीरू दास एवं उनके सहायक बबलू दास ने संत कबीरदास जी की अमर वाणी पर आधारित प्रेरणादायक भजन व दोहों की सुंदर व भावपूर्ण प्रस्तुति दी। संत कबीरदास जी (15वीं शताब्दी) भारतीय संत परंपरा के ऐसे महामानव थे जिन्होंने सत्य, प्रेम, समानता और मानवता का संदेश दिया। उनके दोहों में ज्ञान, भक्ति और जीवन की सादगी का अमूल्य दर्शन मिलता है। इन्हीं उपदेशों को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य पीरू दास व बबलू दास कर रहे हैं। यह आयोजन आध्यात्मिक व योगाभ्यास के क्षेत्र में अग्रणी ग्रुप 'आनन्दो' के मंच पर हुआ। आयोजन के मुख्य सूत्रधार आर्थोपेडिक चिकित्सक डॉ. दीपक सिंहल की प्रेरणा से दोनों कलाकार नीमच आए और भजनों के माध्यम से समाज में कबीर के संदेश सत्य बोलो, प्रेम करो और सेवा भाव रखो का प्रसार किया। कार्यक्रम के दौरान आनन्दो परिवार के रवि दुआ, योगेश गोयल, सन्दीप बंसल, मनोज खिन्दावत, कमल लखेरा, अमित एरन सहित लगभग 30 से अधिक सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने भजनों का भरपूर आनंद व आध्यात्मिक लुत्फ उठाया।

### पर्यावरण मित्रों ने किया दो घंटे श्रमदान



**नीमच।** शहर को स्वच्छ सुंदर पर्यावरण युक्त प्रदूषण मुक्त बनाने के उद्देश्य से संकल्प पर्यावरण मित्र संस्था नीमच निरन्तर अभियान चलाकर शहर को स्वच्छ सुंदर बनाने में जुटी हुई है अभियान के तहत संस्था सदस्यों ने रविवार दिनांक 5 अक्टूबर 2025 को प्रात: 8 से 10 बजे तक गांधी नगर स्थित ग्रीन बेल्ट पार्ट टू में पुर्व रोपित पोधो की सुरक्षा के साथ ही कंटीली झाड़ियों खरपतवार, गाजर घास आदि की साफ-सफाई कर परिसर से प्लास्टिक पोलेथिन थैलियां फटे पुराने कपड़े आदि एकत्रित कर ढेर लगाए अभियान में संस्था अध्यक्ष किशोर बागड़ी, कोषाध्यक्ष रमेश मोरे, उपाध्यक्ष राजकुमार सिन्हा, सुकुमार आगार, केशव सिंह चौहान आदि ने श्रमदान कर सहभागिता, इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष किशोर बागड़ी ने बताया कि नगरपालिका नीमच की कचरा गाड़ी घर घर जाकर गंदा कचरा एकत्रित कर रही है उसके बावजूद कुछ बेशर्मी लोग अपने घरों का गंदा कचरा पोलेथिन थैलियों में भरकर ग्रीन बेल्ट परिसर एवं शहर के बाग बगीचो में फेंक जाते हैं जो बड़े ही शर्म की बात है, श्री बागड़ी ने आमजन एवं शहरवासियों से अनुरोध किया है कि अपने घर, दुकान आदि से निकलने वाला गंदा कचरा नगरपालिका के कचरा गाड़ी में ही डालकर शहर को स्वच्छ बनाने में सहयोग करें।

### कृषि उपज मंडी में हम्माली कार्य हेतु 15 अक्टूबर तक करें आवेदन

**मंदसौर।** कृषि उपज मण्डी समिति मंदसौर के सचिव ने बताया कि मण्डी प्रांगण में किसानों द्वारा विक्रय हेतु लाई गई कृषि उपज की उतराई, भराई, तुलाई आदि कार्यों के लिए हम्मालों की आवश्यकता है। इस कार्य हेतु इच्छुक एवं मध्यप्रदेश के मूल निवासी व्यक्ति एम.पी. ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। साथ ही कार्यालयीन समय में कृषि उपज मण्डी समिति, मंदसौर में सीधे भी आवेदन 15 अक्टूबर 2025 तक प्रस्तुत किए जा सकते हैं। समिति द्वारा हम्माली कार्य हेतु अनुज्ञप्ति कार्य की आवश्यकतानुसार फ़पहले आओ, पहले पाओफ़ के आधार पर दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए कृषि उपज मण्डी समिति, मंदसौर से संपर्क किया जा सकता है।

### शरद पूर्णिमा पर अमृत खीर वितरण का आयोजन आज

**पिपलियामण्डी।** अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के स्वास्थ्य आंदोलन के अंतर्गत प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर दिव्य औषधि वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। गायत्री शक्तिपीठ, पिपलिया मंडी में सोमवार, 6 अक्टूबर 2025 की रात्रि 8 बजे से 12 बजे तक संपन्न होगा। जिसमें 8 से 10 बजे तक रास उल्लास गरबा, 10 से 11 गायत्री दीप महायज्ञ, 11 से 11.30 बजे शरद उत्सव संदेश, श्वास दमा विज्ञान, 11.30 से 12 बजे चन्द्रशक्ति ध्यान, महाआरती व रात्रि 12 बजे अमृतखीर व औषधी प्रसाद वितरण होगा। गायत्री परिवार पिछले 25 वर्षों से निरंतर इस परंपरा का निर्वहन कर रहा है। इस विशेष अवसर पर तैयार की जाने वाली दिव्य औषधि खीर को विभिन्न दुर्लभ जड़ी-बूटियों से बनाया जाता है। यह औषधीय खीर देशी गिर गऊ माता के दूध से तैयार की जाती है और शरद पूर्णिमा की रजतमय चांदनी में रखकर अमृत किरणों से संजीवनी रूप प्राप्त करती है। गायत्री परिवार के सदस्यों ने बताया कि इस दिव्य औषधि का सेवन श्वांस संबंधी रोगों जैसे दमा, खांसी, अस्थमा, एलर्जी आदि में अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ है। साथ ही यह शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाती है। यह आयोजन नि:शुल्क रहेगा तथा सभी इच्छुक श्रद्धालु बिना किसी शुल्क के इस औषधि का सेवन कर सकते हैं। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम में भाग लेने वाले व्यक्तियों से अनुरोध है कि वे उपवास अथवा शाम को निराहार रहकर पधारें ताकि औषधि का अधिकतम लाभ प्राप्त कर सकें। गायत्री शक्तिपीठ समिति ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अपील की है ताकि सभी लोग इस दुर्लभ अवसर का लाभ उठा सकें और स्वस्थ जीवन की दिशा में एक कदम बढ़ा सकें।

### मंदसौर में भूमाफियाओं और धोखाधड़ी के खिलाफ बेरोजगार सेना का न्याय संघर्ष तेज़

**मंदसौर।** जिले में लगातार बढ़ते भूमाफिया, धोखाधड़ी और पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता के खिलाफ बेरोजगार सेना मध्यप्रदेश ने फिर आवाज़ उठाई है। प्रदेश अध्यक्ष वकील बंजारा ने कई गंभीर प्रकरणों को उजागर करते हुए कहा कि अब फ़जनता के न्याय के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष किया जाएगा। उन्होंने बताया कि डिगांव माली के लच्छीराम की भूमि खसरा नं. 1355 पर वर्षों से भू-माफिया का कब्ज़ा है। शहजाद हुसैन से रू 5 लाख की धोखाधड़ी और ड्डब्ब् लोन बकाया का मामला लंबित है। स्वयं वकील बंजारा पर राजनीतिक दबाव में महिला थाने द्वारा झूठा मुकदमा दर्ज किया गया। ग्राम सेमली की जानीबाई के साथ भाजपा नेता द्वारा भूमि धोखाधड़ी और फसल हड़पने की घटना हुई। कयामपुर में कब्रिस्तान मार्ग निर्माण अधूरा होने से ग्रामीण परेशान हैं। लक्ष्मी कुवार से रू 2 करोड़ की ठगी और जमना पवार परिवार पर प्रताड़ना के प्रकरण सामने आए हैं। बेरोजगार सेना ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच, दोषियों पर कार्रवाई और भूमाफिया पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# सीनियर सेकंडरी विद्यालय तोड़कर सीएम राइज स्कूल बनाने का विरोध

▸ छात्रों ने विधायक आवास घेरा, अधिकारियों के आश्वासन पर खत्म हुआ प्रदर्शन



**नीमच।** शासकीय बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 की इमारत को सीएम राइज स्कूल के निर्माण के लिए तोड़े जाने की सूचना से भड़के छात्र-छात्राओं ने रविवार दोपहर बड़ा विरोध प्रदर्शन किया। छुट्टी होने के बावजूद बड़ी संख्या में विद्यार्थी सड़क पर उतर आए और विधायक दिलीप सिंह परिहार के निवास के बाहर बैठ गए। इस दौरान घंटों नारेबाजी हुई।

छात्रों ने कहा कि यह स्कूल क्षेत्र का एक प्रमुख और पुराना शिक्षा केंद्र है। इसे तोड़े जाने से उनकी पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित होगी। छात्रों ने भवन को केवल दीवारों का ढांचा नहीं, बल्कि बच्चों के सपनों की नींव बताया। विरोध का एक मुख्य कारण यह भी था कि उन्हें वर्तमान सीएम राइज स्कूल में सुबह की शिफ्ट में शिफ्ट किया जा रहा है। गांव से आने वाले विद्यार्थियों ने चिंता जताई कि बस सुविधा नहीं होने के कारण उन्हें समय पर पहुंचना मुश्किल होगा। छात्रों ने मांग की है कि क्रमांक 2 स्कूल में सीएम राइज स्कूल नहीं बनाया जाए, बल्कि इसे अन्य स्थान पर बनाया जाए।

**मौके पर पहुंचे पुलिस और प्रशासन के अधिकारी**

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कैंट थाना पुलिस, एसडीएम संजीव साहू, तहसीलदार और जिला शिक्षा अधिकारी एस.एम. मांगरिया सहित कई अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे और छात्रों को समझा-बुझाकर विरोध खत्म कराया। विधायक दिलीप सिंह परिहार ने क्रमांक 2 की भूमि को शासन स्तर पर सीएम राइज विद्यालय के लिए चयनित किया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि बच्चों के भविष्य और बेहतर शिक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए उनकी सुविधाओं और पढ़ाई पर कोई विपरीत असर नहीं पड़ने दिया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी मांगरिया ने भी छात्रों को बेहतर शिक्षा और सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस योजना को आवश्यक बताया।

## पद्मावती महापूजन भक्ति साधना का फल कभी निष्फल नहीं जाता है : साध्वी गुणरंजना जी



▸ पार्श्व पद्मावती महापूजन में उमड़े श्रद्धालु भक्त

**नीमच। पद्मावती माता की भक्ति साधना करने से घर परिवार में सुख समृद्धि एवं शांति स्थापित होती है। कष्ट दूर होते हैं मन पवित्र होता है। रोग शोक मिट जाता है।अंधों को आंखें, लंगडों को पांव मिल जाते हैं। यदि हम माता पद्मावती की आराधना साधना सच्चे मन से करते हैं तो पार्श्वनाथ प्रभु की कृपा अपने आप मिल जाती है। और हमारी आत्मा का कल्याण हो जाता है।**

पद्मावती माता की भक्ति आराधना साधना का फल कभी निष्फल नहीं जाता है।यह बात साध्वी गुणरंजना श्री जी महाराज साहब ने कही। वे श्री पार्श्व पद्मावती धाम ट्रस्ट शक्ति नगर नीमच के तत्वावधान में पांच पद्मावती आराधना भवन शक्ति नगर बघाना में 5सितम्बर रविवार को सुबह 9 बजे पार्श्व पद्मावती महापूजन के आयोजन कार्यक्रम में बोल रही थी। उन्होंने कहा कि पद्मावती माता की शक्ति की आराधना करने से हम टूटते नहीं बल्की हमारे अंदर निखार आता है। परमार्थ की सेवा करने के लिए नई ऊर्जा की शक्ति का संचार होता है। धर्म के प्रति अज्ञानता दुखों का कारण है इसलिए धर्म ज्ञान के संस्कारों को प्राप्त कर सुखों को प्राप्त करना चाहिए। नवकार मंत्र की आराधना करते हैं तो दुखों का विनाश होता है और भवसागर से पर जा सकते हैं और आत्मा पवित्र होती है साधु-संतों और सिद्धों की शरण में जाने से सुख समृद्धि का आशीर्वाद मिलता है। नाग नागिन द्वारा परमात्मा की अमृतवाणी श्रवण की गई तो अगले जन्म में धर्मेंद्र देव और माता पद्मावती के रूप में देवलोक में स्थान मिला था इसलिए परमात्मा की वाणी को सदैव श्रवण करते रहना चाहिए और पुण्य कर्म करते रहना चाहिए तभी हमारी आत्मा का कल्याण हो सकता है परमात्मा के उपकार को कभी भूला नहीं चाहिए।

जीवन में अच्छे आचरण का पालन करना चाहिए तभी हमारी आत्मा का कल्याण हो सकता है इस अवसर पर भजन गायिका हेमा प्रभा ने माता की आराधना करते हुए चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है हम मन से करते हम तेरी भक्ति ,जग रूठे सहित विभिन्न भजन प्रस्तुत किए। साधु संतों की सेवा भक्त बनकर सच्ची भावना से करना चाहिए तो हमें हमारे जीवन में आनंद ही आनंद मिलता है। धर्म के प्रति आस्था और श्रद्धा और विश्वास रखें तो परमात्मा हमारी परीक्षा लेते भी है तो हमारे संकट को दूर कर देते हैं।कार्यक्रम की पावन श्रृंखला में पुजा सुबह 8-45 से प्रारम्भ हुई। पूजा में निम्न सामग्री 1श्री फल ,मिठाई, चावल, 27इलाइची, एवं यंत्र को अभिमंत्रित कर पूजन पश्चात वितरण किया गया।

## स्वदेशी उत्पादों के उपयोग पर जोर, भाजपा ने दी जानकारी

▸ आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान दिसंबर तक चलेगा




**नीमच। भाजपा ने आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान पर पत्रकार वार्ता की। रविवार को जिला भाजपा कार्यालय तपोभूमि में आयोजित वार्ता में अभियान की रूपरेखा और उद्देश्यों पर चर्चा की गई। इसका मुख्य लक्ष्य स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना और देश को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है।**

अभियान के प्रदेश सह संयोजक योगेश मेहता ने इसकी जानकारी दी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष वंदना खंडेलवाल, नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार और मनासा विधायक अनिरुद्ध माधव मारू सहित अन्य प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित थे। मेहता ने बताया कि यह अभियान 25 सितंबर 2025 (पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती) से शुरू होकर 25 दिसंबर 2025 (भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जयंती) तक चलेगा।

अभियान का प्राथमिक उद्देश्य देशवासियों को स्वदेशी उत्पादों के उपयोग के लिए प्रोत्साहित करना है। इसके माध्यम से स्थानीय उद्योगों, कारीगरों, शिल्पकारों और सूक्ष्म उद्यमियों को सशक्त बनाया जाएगा, जिससे देश आर्थिक रूप से स्वावलंबी बन सके।कार्ययोजना के तहत, अक्टूबर माह में सभी जिलों में आत्मनिर्भर भारत संकल्प सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे।

**रथ यात्रा भी निकालेंगे**

प्रत्येक जिले में 15 से 20 दिन की आत्मनिर्भर भारत संकल्प रथ यात्रा भी निकाली जाएगी। त्योहारों के दौरान स्वदेशी उत्पादों के प्रयोग को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जाएगा। दुर्गा पूजा और गरबा महोत्सवों में आत्मनिर्भर भारत थीम पर पंडाल सजाए जाएंगे, वहीं दीपावली पर विदेशी उत्पादों के बजाय मिट्टी के दीयों के उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा।

अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के मार्गदर्शन में प्रदेश, जिला और मंडल स्तर पर टोलियों का गठन किया जा रहा है। मेहता ने कहा कि यह अभियान केवल आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में एक कदम नहीं, बल्कि भारत की संस्कृति, परंपरा और स्वदेशी भावना को जन-जन तक पहुंचाने का एक राष्ट्रीय महाअभियान है।

### चौहान ने किया भावांतर जागरूकता वाहन रैली का शुभारंभ




**नीमच।** विधायक दिलीप सिंह परिहार एवं जिला पंचायत अध्यक्ष सज्जनसिह चौहान ने नीमच के शासकीय बालक उ.मा.विद्यालय क्रमांक 2 नीमच के प्रांगण से रविवार को हरी झंडी दिखाकर भावांतर जागरूकता वाहन रैली को रवाना किया। यह वाहन रैली शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 नीमच से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए मंडी प्रांगण नीमच पहुंचकर रैली का समापन हुआ। इस मौके पर वंदना खंडेलवाल, एसडीएम संजीव साहू, दिनेश मंडलोई व अन्य उपस्थित थे।

## पत्नी से विवाद के बाद पति ने थाने के बाहर खाया जहर, इलाज के दौरान मौत

**नीमच। पति-पत्नी विवाद के बाद थाने में शिकायत करने पहुंचा पति ने थाना परिसर के बाहर जहर खा लिया था। इसके बाद उसका इलाज चल रहा था। लेकिन इलाज के दौरान रविवार सुबह उसकी मौत हो गई। घटना शुक्रवार की है। मृतक की पहचान नारायणगढ़ थाना क्षेत्र के गांव पादरी निवासी लालू राम पिता रामलाल के रूप में हुई है।**

मृतक के साले दशरथ नायक ने बताया कि शुक्रवार को लालू राम अपनी पत्नी के साथ निंबाहेड़ा का मेला देखने गए था। मेले से लौटते समय दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई, जिसके बाद वे नीमच के महिला थाने पहुंचे। थाने पर भी दोनों के बीच विवाद जारी रहा और इसी दौरान लालू ने जहरीला पदार्थ खा लिया था।

**मेल से लौटते समय हुआ विवाद**

मृतक की पत्नी दुर्गा ने बताया कि उनके पति ने फोन कर अपने माता-पिता के साथ नीमच आने को कहा था। पति निंबाहेड़ा से नीमच पहुंचा और उस पर घर चलने का दबाव बनाने लगा। पत्नी बच्चों को लेकर दो दिन बाद आने की बात कह रही थी। पत्नी का आरोप है कि पति ने शराब पी रखी थी, जिसके चलते वह उन्हें महिला थाने लेकर पहुंची थीं।

थाने पर उन्हें बताया गया कि उनकी शिकायत यहां दर्ज नहीं होगी, बल्कि मंदसौर में शिकायत लिखी जाएगी। इसके बाद जब वे बाहर निकले, तभी पति ने जहरीला पदार्थ खा लिया था।

**महिला टीआई बोलीं- घटना थाने के अंदर नहीं हुई**

महिला थाना प्रभारी कारूलाल पटेल ने इस घटना को थाना परिसर के अंदर की नहीं बताया है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में थाने पर कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। मामले की जांच कर रही कैंट थाना प्रभारी पुष्पा चौहान ने बताया कि उन्हें जहरीला पदार्थ खाने से हुई मौत के संबंध में तहरीर मिली है।

पुष्पा चौहान ने आगे बताया कि मृतक का अंतिम संस्कार होने के बाद पत्नी से पूछताछ की जाएगी। मृतक नशे में था या नहीं, इसका खुलासा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने पर होगा। फिलहाल, पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और मामले में जांच जारी है।

**एक नजर** ▸ सकल जैन समाज मन्दसौर का प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न

## अंगदान करके हम किसी को नया जीवन दे सकते है : डॉ. पामेचा



**मंदसौर।** रविवार को नगर कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में सकल जैन समाज मन्दसौर का प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न हुआ। प्रतिभा सम्मान समारोह गुलाबचन्द बड़जात्या धार्मिक एवं पारमार्थिक ट्रस्ट द्वारा किया गया जिसमें कक्षा पहली से लेकर 12वीं तक के प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया गया वहीं इस बार समाज में उच्च शिक्षा धारण करने वालों को भी सम्मानित किया गया जिसमें सीए, इंजिनियर, डॉक्टर आदि शामिल थे।

उक्त आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सासंद बंशीलाल गुर्जर, विधायक मंदसौर विपिन जैन, लिवर ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. विनियेंद्र पामेचा विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर संयोजक सकल जैन समाज मंदसौर सुरेन्द्र लोढा, गुलाबचन्द बड़जात्या धार्मिक एवं पारमार्थिक ट्रस्ट के शांतिलाल बड़जात्या, अध्यक्ष सकल जैन समाज जयकुमार बडजात्या, उपसंयोजक अरविन्द मेहता, महामंत्री मनीष सेठी, सुनील तलेरा,कोषाध्यक्ष भरत कोठारी, युवा प्रकोष्ठ महामंत्री सौरभ विनायका, महिला प्रकोष्ठ महामंत्री सारिका बाकलीवाल भी मंचासिन थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में भगवान महावीर स्वामी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया जिसके बाद कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत हुई। सकल जैन समाज के अध्यक्ष जयकुमार बडजात्या ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि सकल जैन समाज द्वारा प्रतिवर्ष प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाता है इसी क्रम में इस वर्ष भी यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं आज सकल जैन समाज के कार्यालय का उद्घाटन भी किया गया जो प्रतिदिन संचालित होगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि सकल जैन समाज का यह आयोजन बहुत अच्छा है इस प्रकार के आयोजन निरंतर होते रहना चाहिए ताकि प्रतिभाओं को बढावा मिल सके और मंदसौर की प्रतिभाएं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी एक अलग पहचान बना सके।

संयोजक सुरेन्द्र लोढा ने बताया कि प्रतिभाओं को सम्मानित करना उन्हें प्रोत्साहित करना सर्वश्रेष्ठ कार्य है ऐसे करने से जिसका सम्मान किया जा रहा है वह तो प्रोत्साहित होता ही है अन्य को भी इससे प्रेरणा मिलती है कि हम भी इससे बेहतर करे। आपने बताया कि वर्ष 2010 में तत्कालिन सकल जैन समाज के अध्यक्ष नंदकिशोर अग्रवाल के कार्यकाल में इसकी शुरूआत हुई थी जो अभी तक अनवरत जारी है। विधायक विपिन जैन ने सभी प्रतिभावान बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम की सराहना की।

लिवर ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. विनियेंद्र पामेचा ने कहा कि वे मंदसौर के पामेचा परिवार के पुत्र है और वर्तमान में लिवर ट्रांसप्लांट के क्षेत्र में कार्यरत है। आपने कहा कि आज भारत देश में अंगदान की बहुत आवश्यकता है अंगदान करने के हम किसी जिंदगी को बचा सकते है आपने अंगदान करके जिन लोगो को वे अंग लगें इसके भी कई उदाहरण प्रस्तुत किये। आपने कहा कि हम सामान्य खान पान और व्यवस्थित जीवन शैली को अपनाने तो हमेशा स्वस्थ रह सकते है।